*संपादकीय*

# गर्मी से हाल बेहाल और जल संकट

गर्मी के कारण हाल बेहाल है। समूचा उत्तर भारत तप रहा है। बुजुर्गों की स्मृति में भी नहीं है कि उन्होंने पहले कभी इतनी प्रचंड गर्मी की लगातार मार सही हो। दिल्ली और एनसीआर जैसे क्षेत्रों से लू के कारण मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

और दूसरी तरफ जब देश की राजधानी दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है तो देश के जलाभाव वाले क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी, उसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो हो रहा है, वह अनायास या अचानक नहीं हो रहा है। दुनिया भर के पर्यावरणविद् और जलवेत्ता वर्षो से इस स्थिति की आशंका के प्रति चेतावनी जारी करते रहे हैं। भारत में भी बदलते तापमान और तद्जन्य समस्याओं को लेकर लगातार अपनी बातें सामने रखते रहे हैं।

पानी के संकट को लेकर और देश भर में भूजल स्तर की डरावनी गिरावट को लेकर भी चेतावनियां जारी होती रही हैं। इसका कारण खोजने के लिए अतिरिक्त अन्वेषण की जरूरत नहीं है। असंतुलित विकास की भेंट चढ़े देश के वन जंगल, निर्ममता से नष्ट किए गए स्थानिक जल स्रेत और जल संसाधनों पर तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण यह स्थिति पेश हुई है।

देश भर में गांव-देहातों तक जिन छोटी-छोटी नदियों का जाल बिछा हुआ था और जो पोखर तालाब जल के संरक्षण के मुख्य वाहक होते थे, वे अब कहीं दिखाई नहीं देते। मनुष्य के अनियत्रित लालच और हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ने स्थितियों को कई गुना जटिल किया है तिस पर राजनीतिक दलों की बेहयाई समस्या की आग में घी डालती रहती है।

सबसे ज्यादा मौजूदा उदाहरण इस समय दिल्ली का है। दिल्ली में दिल्लीवासियों की कथित सेवा को समर्पित आम आदमी पार्टी की सरकार है, और केंद्र में देश हित के लिए जीने-मरने का दावा करने वाली भाजपा सरकार है और तमाशा यह है कि दोनों ही पार्टियों के प्रतिनिधि दिल्ली के जल संकट के लिए एक दूसरे पर पूरी बेशर्मी से हल्ला बोल रहे हैं।

जब दिल्ली के लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं उस समय दो जिम्मेदार पार्टियों और उनकी सरकारों के इस रवैये को शर्मनाक ही कहा जा सकता है।

कहने में कोई संकोच नहीं कि अगर वास्तविक समस्याओं के प्रति जिम्मेदारी राजनीतिक दलों को रुख इतना गैर-जिम्मेदार है, तो देश और इसकी राजधानी को आने वाले भयानक संकटों से कोई नहीं बचा पाएगा।

# 2024 की पहली छमाही में टेक स्टार्टअप्स ने 4.1 बिलियन डॉलर जुटाए, भारत दुनिया में चौथा सबसे अधिक फंड पाने वाला देश बना

**बेंगलुरु**

भारतीय टेक स्टार्टअप्स ने इस साल की पहली छमाही (जनवरी से जून तक) में 4.1 बिलियन डॉलर जुटाए, जो 2023 की दूसरी छमाही में 3.96 बिलियन डॉलर से 4 प्रतिशत अधिक है।

जारी एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है। इस अवधि में देश में 17 आईपीओ के साथ तीन यूनिकॉर्न भी नजर आए।

टेक स्टार्टअप के मामले में भारत विश्व में चौथा सबसे अधिक फंडिंग पाने वाला देश बना हुआ है। ट्रैक्सन के अनुसार इस ग्रुप में सबसे ज्यादा फंडिंग पाने वाला पहला देश अमेरिका है। उसके बाद यूके और चीन का नंबर आता है। जिसके बाद चौथे नंबर पर भारत है।

2024 की पहली छमाही में सबसे अधिक मासिक फंडिंग अप्रैल के महीने में हुई, जो 862 मिलियन डॉलर थी।

वहीं, इस फंडिंग के जरिए सबसे ज्यादा धनराशि जुटाने के मामले में बेंगलुरु नंबर वन पर है, उसके बाद मुंबई और हैदराबाद का नंबर है।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2024 की पहली छमाही में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र में रिटेल, एंटरप्राइज एप्लिकेशन और फिनटेक शामिल थे।

नेहा सिंह, सह-संस्थापक, ट्रैक्सन ने कहा, 2022 की पहली छमाही के बाद से लगातार चार छमाही में फंडिंग में गिरावट के बावजूद, हम अब स्थिर व्यवस्था के संकेत दे रहे हैं और ऊपर की ओर जा रहे हैं। टेक स्टार्टअप में चौथे सबसे अधिक फंडिंग पाने वाले देश के रूप में भारत का मजबूत प्रदर्शन उत्साहजनक है।

स्टार्टअप के लिए शुरुआती दौर की फंडिंग 2023 की दूसरी छमाही से 6.5 प्रतिशत बढक़र 455 मिलियन डॉलर हो गई। नए स्टार्टअप्स ने 2023 की दूसरी छमाही की तरह ही 1.3 बिलियन डॉलर की स्थिर फंडिंग राशि बनाए रखी।




अंतिम चरण की फंडिंग बढक़र 2.4 बिलियन डॉलर हो गई, जो कि 2023 की दूसरी छमाही से 3.8 प्रतिशत अधिक है।

2024 की पहली छमाही में 100 मिलियन डॉलर से अधिक के आठ फंडिंग राउंड देखे गए, जैसे कि गूगल के नेतृत्व में फ्लिपकार्ट का 350 मिलियन डॉलर का राउंड, अपोलो 24&7 का 297 मिलियन डॉलर का फंडिंग राउंड और मीशो का 275 मिलियन डॉलर का फंडिंग राउंड।

एआई स्टार्टअप क्रुट्रिम और बी2बी सास कंपनी परफियोस के बाद लॉजिस्टिक्स कंपनी पोर्टर इस साल की पहली छमाही में तीसरी यूनिकॉर्न थी।

## स्पेस स्टार्टअप की संख्या पिछले दो वर्ष में 200 गुना बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले दो वर्ष में स्पेस सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप की संख्या में 200 गुना का इजाफा हुआ है। इसकी वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से स्पेस सेक्टर को निजी कंपनियों के लिए खोलना है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जितेंद्र सिंह की ओर से ये जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा स्पेस सेक्टर में बड़े स्तर पर निजी और सरकारी कंपनियों को मौका दिया गया है। इस कारण वैश्विक स्पेस अर्थव्यवस्था में 2021 के मुकाबले 2030 में भारत की हिस्सेदारी चार गुना हो जाएगी। स्पेस डिपार्टमेंट के 100 दिनों के एक्शन प्लान पर उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय मंत्री ने भारत के स्पेस सेक्टर की वर्तमान स्थिति, अवसरों और भविष्य के स्पेस मिशनों का जायजा लिया। इस बैठक में इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ सहित राष्ट्रीय स्पेस एजेंसी के उच्च अधिकारी भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2022 में देश में स्पेस स्टार्टअप की संख्या एक थी, जो 2024 में बढक़र 200 पर पहुंच गई। 2023 में भारत के स्पेस सेक्टर में करीब 1,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। आगे कहा कि स्पेस सेक्टर करीब 450 एमएसएमई के साथ मिलकर काम करता है, जोकि प्रधानमंत्री के अमृतकाल के विजन सबका प्रयास की पुष्टि करता है। इसके अलावा जितेंद्र सिंह ने कहा कि वैश्विक स्पेस अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 2021 में दो प्रतिशत था।

## स्पेन ने इटली को 1-0 से हराकर यूरो कप के राउंड 16 में जगह बनाई

**गेल्सनकिर्चेन (जर्मनी)**


गेल्सनकिर्चेन (जर्मनी)। स्पेन ने गुरूवार रात इटली को 1-0 से हराकर यूरो कप ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया और साथ ही राउंड 16 में भी प्रवेश कर लिया। स्पेन को रिकार्डो कैलाफियोरी के दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल का भी फायदा मिला। इटली को शुरुआत में संकट का सामना करना पड़ा जब बाएं विंग पर निको विलियम्स के कुशल खेल ने पेड्री के लिए हैडर सेट किया। हालाँकि, जियानलुइगी डोनारुम्मा ने गेंद को बार के ऊपर से बाहर निकालते हुए एक शानदार बचाव किया। विलियम्स ने स्वयं दसवें मिनट में एक बेहतर मौका गंवा दिया, जब गोल के सामने अचिह्नित रहते हुए हैडर को बाहर मार दिया। स्पेन ने दबाव बनाना जारी रखा, जिससे अल्वारो मोराटा के कोणीय शॉट को रोकने के लिए डोनारुम्मा को फिर से एक्शन में आने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद इटालियन कीपर ने फैबियान रुइज़ के लंबी दूरी के प्रयास को नाकाम करने के लिए अपनी बायीं ओर तेजी से गोता लगाया।

## नौकरियों में उछाल, अप्रैल में ईपीएफओ के रिकॉर्ड 18.92 लाख नए सदस्य

**नई दिल्ली**

देश में नौकरियों में उछाल का संकेत मिल रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने इस साल अप्रैल में 18.92 लाख नए सदस्य जोड़े।

ईपीएफओ के अस्थायी पेरोल डेटा से पता चलता है कि इस साल मार्च के आंकड़े की तुलना में अप्रैल में 31.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल के अप्रैल के मुकाबले इस साल अप्रैल में ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



मंत्रालय ने कहा, सदस्यता में यह उछाल रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के आउटरीच कार्यक्रमों की प्रभावशीलता के कारण है।

डेटा से पता चलता है कि अप्रैल के दौरान लगभग 8.87 लाख नए सदस्यों ने संगठन में नामांकन कराया है।

डेटा का एक उल्लेखनीय पहलू है कि इसमें 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है। ये कुल सदस्यों का 55.5 प्रतिशत है।

यह संगठित कार्यबल में शामिल होने के लिए युवाओं के रुझान को दर्शाता है।

पेरोल डेटा के अनुसार, लगभग 14.53 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर निकल गए और बाद में फिर इसमें शामिल हो गए।

यह आंकड़ा इस साल मार्च की तुलना में 23.15 प्रतिशत अधिक है।

इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए और अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपने संचय को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना।

पेरोल डेटा के लिंग-वार विश्लेषण से पता चलता है कि 8.87 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.49 लाख नई महिला सदस्य हैं।

अप्रैल में लगभग 3.91 लाख महिलाएं ईपीएफओ से जुड़ीं। यह मार्च की तुलना में लगभग 35.06 प्रतिशत अधिक है।

# सूर्य और बुमराह के दम पर भारत की सुपर जीत

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

मिस्टर 360 डिग्री के नाम से मशहूर सूर्यकुमार यादव (53) के शानदार अर्धशतक और आलराउंडर हार्दिक पांड्या की 32 रन की उपयोगी पारी के बाद जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के तीन-तीन विकेटों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को टी 20 विश्व कप के सुपर आठ के ग्रुप 1 मुकाबले में गुरूवार को 47 रन से हराकर सुपर जीत हासिल की।

क्या शुरुआत की है भारतीय टीम ने सुपर 8 में। ओपनरों ने तो मौका गंवा दिया था लेकिन बाद में प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या की साझेदारी ने भारत को पहले पार स्कोर के आगे पहुंचाया। इसके बाद अर्शदीप और बुमराह की साझेदारी आई जिन्होंने अफगानिस्तान के बल्लेबाजों की एक नहीं चलने दी। लेकिन कुलदीप, जो इस टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेल रहे थे, भी कहां पीछे रहने वाले थे। उन्होंने भी दो विकेट लेकर माहौल अफगानिस्तान के लिए मुश्किल कर दिया।




कहने का मतलब यह है कि भारतीय टीम 47 रनों से यह मैच जीत गई।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान को 20 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम के हीरो रहे बुमराह जिन्होंने चार ओवर में मात्र सात रन देकर तीन विकेट झटके जबकि अर्शदीप ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए। कुलदीप यादव ने अपने वापसी सार्थक साबित करते हुए दो विकेट लिए जबकि रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला। अफगानिस्तान की तरफ से अज़मतउल्लाह ओमरज़ाई ने सर्वाधिक 26 और नजीबउल्लाह जादरान ने 19 रन बनाये। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत में जिस तरह से भारतीय ओपनर फंस रहे थे और जल्दी आउट हो गए थे तो लग रहा था कि भारतीय टीम की मुश्किलें बारबाडोस में बढ़ सकती हैं लेकिन हर एक बल्लेबाज के योगदान से भारतीय टीम यहां पर 181 रन तक पहुंचने में कामयाब हो गई है।

## ऑस्ट्रेलिया की लगातार 5वीं जीत, हैट्रिक लेकर कमिंस ने रचा इतिहास

**नार्थ साउंड (एंटीगा)**

टी20 विश्व कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन जारी है। टूर्नामेंट के चौथे सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 28 रन से हरा दिया और लगातार 5वीं जीत दर्ज की। साथ ही पैट कमिंस ने हैट्रिक लेकर एक नया इतिहास भी रचा है। बारिश से प्रभावित मैच में ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ-लुईस नियम से यह जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 140 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार शुरुआत करते हुए 11.2 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बना लिए, तभी बारिश की वजह से मैच रोकना पड़ा। खराब मौसम और तेज बारिश के कारण यह मैच यहां से आगे नहीं बढ़ पाया और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच डकवर्थ लुईस स्टर्न मेथड से 28 रन से जीत लिया।




इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली। यह टूर्नामेंट के इतिहास का कुल सातवां और इस संस्करण का पहला हैट्रिक है। टी20 विश्व कप में ब्रेट ली के बाद यह कारनामा करने वाले कमिंस दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने हैं। कर्टिस कैमफर, वानिंदु हसरंगा, कगिसो रबाडा, कार्तिक मयप्पन और जॉश लिटिल भी हैट्रिक ले चुके हैं।

पहले स्पेल में कोई विकेट नहीं मिलने के बाद कमिंस ने 18वें ओवर और 20वें ओवर को मिलाकर अपनी हैट्रिक पूरी की है। 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर बैक ऑफ लेंथ फेंकी थी जिसे महमुदुल्लाह अपने विकेट में अंदरूनी किनारे से मार बैठे। अगली गेंद भी उसी लाइन और लेंथ पर थी जिसे मेहदी हसन ने अपर कट करने का प्रयास किया और डीप थर्ड पर कैच थमा बैठे।

## विजय वर्मा स्टारर मटका किंग की शूटिंग शुरू, जारी हुआ नया पोस्टर

इन दिनों विजय वर्मा स्टारर क्राइम थ्रिलर मटका किंग की काफी चर्चा है। फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट जारी किया है। मेकर्स ने एक्टर का नया पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है।




पोस्टर में विजय 90 के दशक के अवतार में नजर आ रहे हैं। उन्होंने व्हाइट शर्ट पहनी हुई है, और ताश के साथ खेलते हुए दिख रहे हैं।

पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, शर्त लगाने के लिए तैयार! मटका किंग जल्द ही, लेकिन अभी शूटिंग शुरू।

मटका किंग की कहानी 1960 के दशक की है, जिसमें एक कपास व्यापारी मटका नामक एक नया जुआ खेल शुरू करता है। यह खेल शहर में तूफान मचा देता है। यह खेल पहले सिर्फ अमीरों और अभिजात वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन अब हर वर्ग के लोग जुड़ जाते हैं।

इस सीरीज में कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार शामिल हैं।

रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले सिद्धार्थ रॉय कपूर और नागराज मंजुले के साथ गार्गी कुलकर्णी, आशीष आर्यन और अश्विनी सिद्वानी द्वारा निर्मित इस सीरीज का निर्देशन नागराज ने किया है और मंजुले के साथ अभय कोरानने ने इसे लिखा है। इस सीरीज को प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

## अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में की नई रिलीज तारीख से उठा पर्दा

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। खेल खेल में उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है।यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है।इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखने के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। खेल खेल में अब 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में का सामना जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा से होगी। खेल खेल में भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी।मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। तापसी पन्नू, वाणी कपूर और फरदीन खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।




## सूर्या 44 से जुड़ीं पूजा हेगड़े, अभिनेता जयराम ने भी कार्तिक की फिल्म के लिए कसी कमर

अभिनेत्री पूजा हेगड़े के पास एक रोमांचक नया प्रोजेक्ट है। अभिनेत्री को निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज की नई फिल्म सूर्या 44 के लिए चुना गया है। एक्स पर जाते हुए, कार्तिक ने पारंपरिक सोने के आभूषणों के साथ साड़ी पहने पूजा की तस्वीर साझा करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। आगामी फिल्म में पूजा अभिनेता सूर्या के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी।



मुख्य अभिनेत्री पूजा हेगड़े का स्वागत करते हुए कार्तिक सुब्बाराज ने एक्स पर लिखा, सूर्या 44 के लिए पूजा हेगड़े का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। फिल्म में आपका स्वागत है। पोस्टर में पूजा पारंपरिक पोशाक में नजर आ रही हैं। मुगामुडी और बीस्ट के बाद यह पूजा हेगड़े की तीसरी तमिल फिल्म है। इस बीच, मलयालम अभिनेता जयराम का एक पोस्ट के साथ स्वागत किया गया जिसमें लिखा था, एक व्यक्ति जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं, जो अपनी परफॉर्मेंस में जान डाल देते हैं। जयराम आपका सूर्या 44 की टीम में स्वागत है। पोस्टर में जयराम चश्मा लगाए बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। पूजा और जयराम के सूर्या 44 से जुडऩे की खबर ने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

कार्तिक ने घोषणा की कि सूर्या 44 का पहला शेड्यूल पोर्ट ब्लेयर, अंडमान में शुरू हो रहा है। इससे पहले आज, जयराम और मुख्य अभिनेता सूर्या को पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर देखा गया, जिससे पुष्टि हुई कि जयराम पहले शेड्यूल का हिस्सा होंगे और फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सूर्या भी इस शेड्यूल में शामिल हो रहे हैं। अभी तक सूर्या 44 शीर्षक से मशहूर फिल्म में संतोष नारायणन का संगीत और श्रेयस कृष्ण की सिनेमैटोग्राफी देखने को मिलेगी।

## शब्द सामर्थ्य- 95

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आज जरूरी काम से आपकी यात्रा होगी। संतान की सफलता आपको खुश करेगी, लोग आपको बधाई देनें आपके घर आएंगे।

***वृष:*** आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। आज आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभाएंगे।

***मिथुन:*** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ किए गए कामों से आज आपको फायदा होगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुडऩे की कोशिश करेंगे।

***कर्क:*** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, बस आप मेहनत पर कंसन्ट्रेट करें। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। आपको सक्सेस दिला सकता है।

***सिंह:*** आज आपका दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज कोई इम्पोर्टेन्ट काम सहयोगियों की मदद से पूरा हो जाएगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा।

***कन्या:*** आज आपका दिन बहुत बढिय़ा रहने वाला हैं। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा। समय का पूरा सदुपयोग करें।

***तुला:*** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। आज आप अपने बच्चों के किसी अच्छी जगह घूमने जाएंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप जरूरतमंद लोगों की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, आपका काम सफल होगा।

***धनु:*** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आज आप अपने खास रिश्तेदार के पास जाएंगे। आज आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगी।

***मकर:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज किसी पुराने दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताज़ा होगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। आपको थकान महसूस हो सकता है, अच्छी डाइट आपको फिट रखने में मदद करेंगी।

***कुंभ:*** आज आप का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी का बिजनेस करते हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्तवपूर्ण है।